An Initiative of CollCom

collcom
Empowering Youth through Community Service

Registration Number-1710, Under Indian Trust Act 1882) Certified Under 12A and 80G of Income Tax Act 1961

Vol 2, Issue January 2023

# CYBER संस्कार

साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम





## Work From Home Job Scam

# विषय-सूची

## Work from Home/ Part time job Scam


- परिचय
- फ्रॉड के विभिन्न तरीके
- सच्ची घटनाओं के माध्यम से फ्रॉड को समझना
- भविष्य में हो सकने वाली घटनाओं की कल्पना
- बचने के उपाय और सत्यता की जांच के तरीके
- फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करे



इस फ्रॉड को वीडियो के माध्यम से समझने के लिए QR Code को स्कैन करे।

SPECIAL REPORT

# 'वर्क फ्रॉम होम' के नाम पर ठगी का अंबार!



# WORK FROM HOME SCAM!




भारत में, इंटरनेट पर सक्रिय लगभग 30% किशोर 'सोशल इंजीनियरिंग' घोटालों के शिकार हुए हैं।




कोविड-19 महामारी के कारण डूबे जॉब मार्केट के परिणामस्वरूप लोगो ने फर्जी जॉब वेबसाइटों और 'वर्क फ्रॉम होम' कंपनियों पर रोजगार के वैकल्पिक अवसर तलाशे हैं।

समस्या ये है की आपको इंटरनेट पर हजारों कंपनी दिखेगी जिनमे से 80% फेक तो वही कुछ सही भी होती है परंतु आप उन्हे कैसे समझेंगे/जानेंगे की ये कंपनी सही है या नही , आज आप इस मैगजीन को पढ़ने के पश्चात समझ पाएंगे की किस तरह **झूठे जॉब ऑफर** देने वाली कंपनी से बचे? या **उनकी पहचान क्या है?**


## वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड क्या है?

वास्तव में अगर "वर्क फ्रॉम होम स्कैम" की बात करे तो इसमें लोगो को घर बैठे कोई कार्य करने के बदले उन्हें उसके पैसे देने की बात की जाती है, जो अक्सर नहीं होता है, या ऐसे काम को पूरा करने के लिए बहकाया जाता है जिसके लिए उन्हें भुगतान नहीं किया जाता है।

SPECIAL REPORT

# वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड के विभिन्न तरीके!

## सोशल मीडिया के माध्यम से





















# वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड के विभिन्न तरीके!

## Text/WhatsApp Message के माध्यम से










SPECIAL REPORT

# वर्क फ्रॉम होम फ्रॉड के विभिन्न तरीके!

## फेक वेबसाइट या कुरियर के माध्यम से



अखिल भारतीय रोजगार योजना



Sarva Shiksha Abhiyan Vacancy 2022 Total 226316 Post Job available All india.

JOB DETAIL

Name of Post : Sarva Shiksha Abhiyan Recruitment Bharti 2022 Post for Primary Teacher Job Salary 42,500/- Qualification : 12th, Graduation, or are interested candidates of Applied form sarva shiksha abhiyan official website online Apply now

Short Information :
Sarva Shiksha Abhiyan Online Recruitment 2022 are recently invited to the online application form for the recruitment post of "Teacher" vacancy 2022. those candidates are interested to the following vacaccy and complete are eligibility criteria can read the full rule before apply online.

| | |
|---|---|
| Job Title | Sarva Shiksha Abhiyan Recruitment Bharti 2022 Post for Primary Teacher Job Salary 42,500/- Qualification : 12th, Graduation, or are interested candidates of Applied form sarva shiksha abhiyan official website online Apply now |
| Total Job Vacancies | 105560 |
| Age Limit for Job | 18-42 |
| Job in State | West Bengal, , Andaman and Nicobar Islands, |



Mahindra and Mahindra Limited (M&M)
www.mahindra.com
LETTER OF OFFER

Date :08/01/2022
Ref : TCSURJ157195789/DELHI

NAME- MR.RAHUL KUMAR
MOBILE – 7543053126
Dear Mr.RAHUL

We are pleas d to offer you employment at Mahindra & Mahindra ltd.
We feel that your skills and background will be valuable assets to our team.
This offer is based on your profile and Telephonic interview in the selection process. You have been selected for the position SUPERVISOR Your gross salary including all benefits will be 270,000/- per annum, as per the terms and conditions set out herein. The gross salary mentioned above is Exclusive of the Variable Allowance becoming effective upon successful completion of the Initial Training Program which is mandatory. Kindly confirm your acceptance of this offer online through replying on the mail or you can call the HR Department. If not accepted within 7 days, it will be construed that you are not interested in this employment and this offer will be automatically withdrawn.
You will also be issued a letter of appointment at the time of your joining after completing joining formalities as per company policy.
After 10 days will get verification call from backend after completion of verification you can start your training from provided training venue.
We look forward to welcoming you as a new employee at Mahindra & Mahindra Ltd.
Sincerely,

HR RECRUITER
Vaishnavi Devi

Mahindra & Mahindra Ltd.
LIMITED Confidential
TCSURJ157195789/DELHI






TATA MOTORS
WWW.TATAMOTORS.COM

OFFER LETTER

Strictly Private and Confidential
Date: 17/11/2021

Ref : TMLSURJ163942/WEST & SOUTH ZONE

NAME : MR. JEYALOGESH J

MOBILE: 8610678208

DEAR –

We are pleased to offer you employment at Tata Motor Co. Ltd. We feel that your skills and background will be valuable assets to our team.

This offer is based on your profile and Telephonic interview in the selection process. You have been selected for the position of SUPERVISOR.


your gross salary including all benefits will be 3,06,000/- per annum, as per the terms and conditions set out herein. The gross salary mentioned above is Exclusive of the Variable Allowance becoming effective upon successful completion of the Initial Training Program which is mandatory.

Kindly confirm your acceptance of this offer online through replying on the mail or you can call the HR Department. If not accepted within 5 days, it will be construed that you are not interested in this employment and this offer will be automatically withdrawn.


You will also be issued a letter of appointment at the time of your joining after completing joining formalities as per company policy.

After 7 days will get verification call from backend after completion of verification you can start your training from provided training venue.





# सच्ची घटना पर आधारित



## कहानी 1

# सच्ची घटना पर आधारित



सौरभ एक कॉलेज में पढ़ने वाला छात्र हैं। उनके पिता जी घर में अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे, उनके पैसे से घर सही से नही चल पा रहा था। सौरभ सोचने लगता हैं काश अगर मुझे कोई पार्ट टाइम जॉब मिल जाता तो मैं पढाई के साथ साथ कमा लेता जिससे पिता जी का बोझ कुछ कम हो जाता।

तभी वह अपने फोन में फेसबुक पर एक पोस्ट देखता हैं




अरे वाह! घर बैठे बैठे 30000 रुपए कमाने तक का तरीका, लिंक पर क्लिक करके देखता हूं की आखिर कैसे कमा सकता हूं।

इसके बाद उसके फोन में एक व्हाट्सएप चैट खुलता हैं और वह लिखता है।




हाय मेरा नाम सौरभ हैं, मैंने आपका पोस्ट देखा जिसमे घर बैठे बैठे कमाने के मौके के बारे में था, मुझे इसके बारे में जानकारी चाहिए।

हेलो सर, मेरा नाम राहुल हैं, हमारे कंपनी में काम करने की इच्छा जताने के लिए आपका धन्यवाद।



## कहानी 1

# सच्ची घटना पर आधारित



**SPECIAL REPORT**

## कहानी 1

# सच्ची घटना पर आधारित



SPECIAL REPORT

## कहानी 1

# सच्ची घटना पर आधारित



## कहानी 1


# सच्ची घटना पर आधारित



SPECIAL REPORT

# कहानी 2

# सच्ची घटना पर आधारित



## कहानी 2

# सच्ची घटना पर आधारित



# सच्ची घटना पर आधारित

## कहानी 2






SPECIAL REPORT

# भविष्य के विकल्प और उपाय



जिस प्रकार आज **तकनीकी का विस्तार** तीव्र गति से बढ़ रहा है आप कल्पना कर सकते है की आने वाले समय में तकनीक की पहुंच कहाँ तक होगी।

आजकल **सभी लोगों चाहते है की घर बैठे ही सभी कार्य हो जाए**, वो सोचते है बस एक रिमोट का बटन दबाओ और काम हो जाए, यही भविष्य में कितना घातक सिद्ध होगा इसकी कल्पना नही की जा सकती है। यदि हम **वर्क फ्रॉम होम जॉब** की बात करे तो यदि थोड़ा सा जानकर व्यक्ति है तो वो पकड़ लेते है की उनके संदेश के कुछ **वर्तनी में त्रुटि है**, या **बात करने के तरीके बेतुका सा है** । परंतु आने वाले समय में साइबर फ्राउडस्टर इन सभी बातों का ध्यान रखेंगे या अपने तरीके बदलेंगे।






आने वाले समय में फ्राउडस्टर एक आधिकारिक कंपनी का **clone website** बना सकता है जिसमे कोई त्रुटि नही होगी, और जिस प्रकार से **आधिकारिक कंपनी में नौकरी की प्रक्रिया** होती है वही तरीका अपनाएंगे जिससे आप उनके झांसे में आ सकते है ।



आपको ऑफर लेटर भी डाक या ईमेल के माध्यम से प्राप्त हो सकता है, और **ऑनलाइन इंटरव्यू भी जिससे आपको सब कुछ सही लगेगा** और सरकारी जॉब या अधिक सैलेरी की नौकरी पाने के लालच में **आपसे कुछ पैसे की मांग** की जायेगी । परंतु **आपको उसी टाइम रुकना होगा** और बड़ी सहजता से समझना होगा की वह कंपनी वास्तव में है या नही या क्या सरकार द्वारा पंजीकृत है ?
अतः **आपको उस कंपनी की सत्यता की जांच** करनी होगी ।




यहाँ आप उस **कम्पनी को इस सरकारी वेबसाइट के माध्यम से पता** कर पाएंगे की वह वास्तव में सरकार के द्वारा पंजीकृत है अथवा नही।
https://www.mca.gov.in/mcafoportal/showCheckCompanyName.do

SPECIAL REPORT

# भविष्य के विकल्प और उपाय





दूसरा तरीका ये हो सकता है कि किसी कम्पनी के द्वारा आपको **fake job offer आयेगा (सोशल मीडिया/ईमेल/संदेश/डाकघर द्वारा)** और शायद इस बार शुरुआत में वो किसी भी प्रकार के पैसे की मांग नही करेंगे।








और वो **आपको कुछ कार्य देंगे** ( ये कार्य बहुत ही आसान होगा जिसे कोई भी आसानी से कर लेगा) और कहेंगे इसे पूरा करके दिए लिंक (suspiciouslink) **https://suspiciouslink/form.com** पर अपलोड करे जिसके बदले आपको कुछ **रूपए** दिए जायेंगे ।






और ऐसा ही होगा कार्य पूरा करते ही आपके **अकाउंट में पैसे** आ जायेंगे।





SPECIAL REPORT



# भविष्य के विकल्प और उपाय



परंतु दिए गए लिंक के माध्यम से वो आपके **सभी पर्सनल जानकारी को चुरा** लेंगे और आपके प्रतिदिन की प्रतिक्रिया के बारे में समझते हुए वो आपको कुछ और कार्य देंगे, वो कार्य आपसे संबंधित होगा इसलिए आपको उसे करने में भी आसानी होगी या आपको उस **कंपनी में प्रमोशन मिलेगा** अब आप पूरी तरह से उनके बताए गए दिशा निर्देश में खो जायेंगे |






इसी तरह **कुछ और प्रक्रिया वो करवा सकते** है परंतु कुछ समय बाद वो अब कंपनी की पॉलिसी के अनुसार आपको बताया जाएगा की आप इस कंपनी में कार्यरत है अतः आप **जितना पैसा यहां इन्वेस्ट करते है आपको चंद महीनों में दोगुना मिलेगा** ।



वो कुछ **restriction बता** सकते है की आप **maximum 10,000 Rs/- ही इन्वेस्ट** कर सकते है क्योंकि अन्य कर्मचारी भी है। धीरे धीरे **अलग अलग इन्वेस्टमेन्ट का झांसा देकर** अब आप पूरी तरह से उनके जाल में फस कर **उनके शिकार बन** जाते है।



# भविष्य के विकल्प और उपाय





यदि आप **सभी कहानी को ध्यान से पढ़ते है** तो आपको ये समझ आता है कि ये पूरा खेल **मनोविज्ञानिक तरीके** से होता है। फ्राउडस्टर **आपके मानसिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करते** हुए किसी न किसी तरह से **पैसे की मांग अवश्य** करता है।



आगे दिए गए **सावधानियों को ध्यान से पढ़े**, बताये गए टिप्स आपको इस तरह के **फ्रॉड से बचने में मदद** करेंगी।







# बचने के उपाय



## अनजान वेबसाइट पर नौकरी के लिए कभी भी आवेदन न करे।









**इस वेबसाइट की सत्यता की पहचान के लिए स्कैन करे**



# बचने के उपाय



## सोशल मीडिया पर इस तरह के पोस्ट दिखाई दे तो वहा अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे नाम, पता व मोबाईल नंबर इत्यादि सांझा न करे।








ऑथेंटिक कंपनी कभी भी जॉब के लिए आपसे जॉब प्रोसेसिंग शुल्क नहीं मांगती है अगर आपसे कोई फीस मांगता है तो वो फ्रॉड हो सकता है।


किसी भी नौकरी के लिए आवेदक करने से पूर्व उस company के प्रमाणिकता उनके आधिकारिक वेबसाइट से जरूर जांच ले ।

SPECIAL REPORT

# बचने के उपाय

## कंपनी के सत्यता की जांच करने के टिप्स
## (कंपनी सरकार द्वारा अधिकृत है अथवा नहीं?)




**चरण 1:** Ministry Of Corporate Affairs, भारत सरकार की वेबसाइट पर जाए।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की वेबसाइट खोलने के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करें
https://www.mca.gov.in/mcafoportal/showCheckCompanyName.do

कंपनी का नाम जांचें

**चरण 2:** कंपनी का नाम दर्ज करें (संक्षिप्त रूप या आधे नामों के साथ प्रयास न करें)

**चरण 3:** यदि कंपनी पंजीकृत नहीं है तो आपको निम्न जानकारी के साथ एक पॉप-अप प्राप्त होगा।

**चरण 4:** यदि कंपनी पंजीकृत है तो आपको कंपनी की निम्नलिखित जानकारी प्राप्त होगी।
एलएलपिन / सीआईएन / 1ए संदर्भ सं
कंपनी या एलएलपी का नाम
राज्य
पंजीकरण की तारीख
कंपनी की स्थिति

**चरण 5:** यदि आपको उपरोक्त जानकारी मिलती है तो वह विशेष कंपनी सरकार द्वारा पंजीकृत है।

SPECIAL REPORT




# बचने के उपाय



**अनजान व्यक्ति को पैसे भेजने से पूर्व 10 बार सोचे, उसकी सत्यता को जरूर प्रमाणित करे क्योंकि एक बार पैसे भेजने के पश्चात पैसे वापस नही मिलता।**




SPECIAL REPORT


# बचने के उपाय




**पैसे रिसीव करने के लिए यदि कोई लिंक भेजे तो उसपर भूलकर भी क्लिक ना करें। ध्यान रहे कभी भी पैसे लेने के लिए लिंक पर क्लिक करना और UPI शेयर करने कि आवश्यकता नही होती हैं।**




**इस तरह के लिंक को भूलकर भी क्लिक ना करें**




**इस प्रकार के मैसेज दिखने पर तुरंत Decline button पर क्लिक करे।**

**Request by का अर्थ आपसे किसी व्यक्ति ने पैसे लेने की मांग की है और आपके अकाउंट से पैसे कटेंगे।**

SPECIAL REPORT

# बचने के उपाय



**यदि कोई भी जॉब ऑफर आपको दिखाई दे और समझ न आए की ये गलत है या सही तो आप कॉलकम से संपर्क कर उसकी जानकारी ले सकते है।**






आपको यहाँ से अपने शंकाओं का समाधान मिल सकता है और साथ ही आप हमारे साथ मिलकर लोगो को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भी वालंटियर या इंटर्न बनकर काम कर सकते है ।

Join us a **Volunteer** or **Intern**,
Type **Join** and send it on **WhatsApp**

**+91-9868189955**

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में

यदि आप इस तरह के फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट, और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ www.cybercrime.gov.in or 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करे।।








शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में


**अगर आपको ऑनलाइन शिकायत करने में समस्या आती है तो आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।**





SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में



संबंधित बैंक में जाकर/हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करे।
(नीचे कुछ बैंक के हेल्पलाइन नंबर दिए है।)

**Union Bank - 1800222244**

**SBI- 1800 11 221**

**ICICI - 1860 120 777**

**HDFC - 1800 258 616**

**Axis - 1860 419 5555171**





ध्यान रहे ! हेल्पलाइन नंबर कभी गूगल पर सर्च न करे, संबंधित official website से ही प्राप्त करे ।

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में

## RBI कहता है..

**फ्रॉड होने की स्थिति अपने बैंक को तुरंत सूचित करें। अधिक जानकारी के लिए 14440 पर मिस्ड कॉल दें।**




अगर आपके **बैंक खाते से किसी ने धोखे से पैसे** निकाले हैं तो इसकी सूचना तुरंत अपने बैंक को दें। जब आप बैंक को सूचित करते हैं, तो अपने बैंक से **पावती (acknowledgement)** लेना याद रखें।

**यदि लेन-देन आपकी लापरवाही के कारण हुआ है,** यानी आपके द्वारा अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी आदि साझा करने के कारण, आपको तब तक नुकसान उठाना पड़ेगा जब तक आप अपने बैंक को इसकी सूचना नहीं देते।

यदि आपके द्वारा बैंक को सूचित करने के बाद भी कपटपूर्ण लेन-देन जारी रहता है, तो आपके **बैंक को उन राशियों की प्रतिपूर्ति करनी होगी।**

यदि आप रिपोर्टिंग में देरी करते हैं, तो आपका घाटा बढ़ जाएगा और यह **आरबीआई के दिशानिर्देशों और आपके बैंक के बोर्ड द्वारा** अनुमोदित राशि **नीति के आधार पर तय किया जाएगा।**

बैंक को आपकी शिकायत प्राप्ति की तारीख से **90 दिनों के भीतर सुलझानी** होती है, अगर **समाधान न होने पर या संतोष जनक जवाब न मिलने पर** शिकायतकर्ता बैंक की **शिकायत बैंक के ओम्बड्समैन** को भी कर सकता है। इसकी जानकारी आप यहाँ से (RBI) ले सकते है।
https://rbi.org.in/scripts/FAQView.aspx?Id=24



collcom

Empowering Youth through Community Service



# सावधान रहें सुरक्षित रहे!

## अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ ये मैगज़ीन जरूर शेयर करे।

हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन कर, और हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करे।

SUBSCRIBE

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube

https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

# संस्थापक के बारे में



## DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक भी हैं।

डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे। उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा हर व्यक्ति बच्चा से बूढ़ा सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते जा रहे है। जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ।

उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया। उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की। उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है।

# संपादक के संदेश..



## MR. PRITESH MISHRA

(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नही है की वो शिक्षित नही है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ / जागरूक नही था। अत फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले जरा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो आपको 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझा देते है। परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगो को साइबर अपराध से बचा सकते है।

एक फ्रॉडस्टर आपसे OTP और pin को निकलवाने के विभिन्न तरीके अपनाता है, आप देखेंगे कि अंततोगत्वा वो आपसे पैसे की मांग करते है, चाहे वो रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में हो या कंपनी से जुड़ने के आईडी कार्ड बनानी हो, बस आपको यही समझना है की किसी भी नौकरी से जुड़ने के लिए आपको किसी भी प्रकार से पैसे देने की आवश्यकता नही होती है।

समय समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें।

जागरूक रहे सुरक्षित रहे !

# सलाहकार सदस्य



**Dr Anil Kumar Singh**
( Asst. Professor, SLL&CS, Jawaharlal Nehru University )



**Shri Anshumali Sharma**
(State Liason Officer (SLO) Nataional Service Scheme, Uttar Pradesh)



**Dr. Sanjeev Sharma**
(Associate Professor, Dr Ambedkar International Centre, New Delhi)



**Shri Gautam Kumar**
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)



**Shri Amrish Kumar Niranjan**
(Youth Assistant, NSS, Delhi)



**Shri Sintoo Kumar**
(TGT Teacher, Govt of Delhi)



**Shri Satya Kumar**
(CEO and Director, Jetex Private Limited)



**Shri Ranjan Kumar**
(Senior Product Manager, Microsoft)

# कार्यकारी सदस्य



**Dr Gaurav Kumar**
(Founder and Director, CollCom)



**Mr Priteesh Kumar**
(Asst. Director, CollCom)



**Mr Pritesh Mishra**
(National Coordinator, CollCom)



**Ms Anusaya Kathi**
(Public Relation Head, CollCom)



**Ms Shweta Kumari**
(Social Media Head, CollCom)

# प्रशिक्षु जिन्होंने इस मैगजीन में अपना योगदान दिया है।



**Mohammed Nafeesha Bhanu**
(Graphics designer Intern, CollCom)



**Ms Usha Rani Panigrahi**
(Graphics designer Intern, CollCom)



**Mr Kishan Sisodiya**
(Content Writer Intern, CollCom)